## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मामले, सक्रिय मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

**रायपुर (आरएनएस)।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार एक्शन में आ गई। राज्यों और स्वास्थ्य मंत्रालयों से जुड़े अधिकारियों के साथ मॉत ड्रिल से लेकर इसके रोकथाम को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी बीच सरकार ने 5 जांच उपकरणों के दाम पर कैपिंग बढ़ाने का फैसला लिया है। ये कैपिंग अगले आदेश तक लागू रहेगा। छत्तीसगढ़ में कोरोना के नए मामलों में दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। गुरूवार को 15 नए मरीज मिले जिसमें से सबसे ज्यादा राजधानी रायपुर से 9 केस मिले। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 64 तक पहुंची। वहीं संक्रमण दर 2.18 प्रतिशत के करीब है। भारत में कोरोना के यू-टर्न से सरकार एक्टिव हो गई है। संक्रमण की गति पर लगाम कसने के लिए सरकार कोरोना की जांच में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट जैसे पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड प्रेशर मॉनीटरिंग मशीन, नेबुलाइजर, डिजिटल थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर पर ट्रेड मार्जिन तय कर दिया है। यह 30 जून, 2023 या फिर अगले आदेश तक लागू रहेगा। बता दें कि 31 मार्च को कैपिंग की डेडलाइन खत्म हो रही थी

### तेज रफ्तार पिकअप से टकराए बाइक सवार, बारिश से बचने के चक्कर में भिड़े, दो की मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक सवार युवकों की बाइक तेज रफ्तार पिकअप से टकरा गई। हादसा इतना जोरदार था कि एक बाइक सवार दूर जा गिरा तो एक बाइक सवार का हाथ कंधे से अलग होकर सडक़ पर जा गिरा। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना दो युवक आदि रजक (30) और संतोष रजक (30) अपने घर लौट रहे थे। दोनों गैराज में काम करते थे। आज दोपहर को अचानक बारिश होने के कारण दोनों जल्दी घर जाने के चक्कर में थे। इनका घर जिले के चिचगोहना गांव में था। हाइवे पर कक्का ढाबा के पास उनकी बाइक सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सडक़ पर गिर पड़े। इनमें से एक युवक का हाथ कटकर बीच सडक़ पर जा गिरा। वहीं दूसरा युवक सडक़ किनारे झाडिय़ों में जा गिरा। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### इलेक्ट्रिक पोल से टकराकर खड़े ट्रक में जा घुसी कार, 5 घायलों में 3 की हालत गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकराकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा बांगो थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, 56 वर्षीय पुन्नी राम सूरजपुर जिले के तिवरता का रहने वाला है। वह अपने परिवार के साथ प्रेमनगर जा रहा था। कार में पुन्नी राम, 42 वर्षीय चंद्रकांत प्रजापति, 42 वर्षीय हीरा प्रजापति, 25 वर्षीय मोनिका प्रजापति और 17 वर्षीय रश्मि प्रजापति सवार थे। वे कोरबा जिले के बंजारी मड़ई के पास पहुंचे ही थे कि पुन्नी राम को झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर इलेक्ट्रिक पोल से टकरा गई। बिजली के खंभे से टकराकर कार सडक़ पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि, हादसे में पुन्नी राम, हीरा प्रजापति और चन्द्रकांत के सिर पर गहरी चोट आई है। वहीं मोनिका प्रजापति की रीढ़ की हड्डी और रश्मि प्रजापति के चेहरे पर भी चोट आई है।

# पहली बार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का नगर पंचायत एवं अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिका में किया जाएगा विस्तार

- राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का स्थानीय स्तर पर हो व्यापक प्रचार-प्रसार, ताकि हितग्राहियों को मिले लाभ-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- आवेदन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त स्थान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी सीएमओ, एसडीएम एवं तहसीलदार की ली बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का क्रियान्वयन नगर पंचायत एवं अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिका क्षेत्रों में किए जाने के संबंध में सभी सीएमओ, एसडीएम एवं तहसीलदार की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है जो पूर्व में ग्रामीण स्तर पर संचालित की जा रही थी, जिसका विस्तार वर्तमान में नगर पंचायत में किया जाना है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि की बैठक ले एवं योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करें, ताकि जनसामान्य को इस योजना का लाभ मिल सके।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में मुख्य रूप से राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करना है। जिसके लिए उन्होंने सीएमओ को आवेदन प्राप्त करने हेतु स्थान चयन के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तार ग्राम पंचायतों के साथ-साथ अनुसूचित क्षेत्रों के नगर पालिका में भी किया गया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़, पुसौर, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत और खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राही भी अब योजना का लाभ ले सकेंगे। कलेक्टर सिन्हा ने नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि योजना का बेहतर क्रियान्वयन हेतु समय-सारिणी अनुसार कार्य करें। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में राजस्व विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी, अत: इसमें सहयोग सुनिश्चित करें।

अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा इस योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटा एन्ट्री का कार्य करने के लिए समय सारणी जारी किया गया है। शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 01 से 15 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक एवं तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों का निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। आवेदनों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पलिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्रामसभा, सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 08 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण 14 मई एवं अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है।

## दंतेवाड़ा में लाल जहर के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण हुए लामबंद, निजी कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मौजूद आर्सेल मित्तल निप्पन स्टील कंपनी के आयरन ओर से निकलने वाली लाल मिट्टी ग्रामीणों के लिए जान की दुश्मन बन गई है।

इस लाल मिट्टी से ग्रामीणों के सेहत पर काफी बुरा असर पड़ रहा है. आयरन ओर के उत्खनन से निकलने वाली लाल मिट्टी को गांव में डंप किया जा रहा है. इससे सैकड़ों ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ गई है.

इससे परेशान होकर 20 से अधिक गांव के हजारों ग्रामीणों ने गुरुवार को सडक़ पर उतरकर इसका विरोध किया. ग्रामीणों का कहना है कि इस लाल मिट्टी को डंप करने से 20 गांव के सैकड़ों ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं. यही नहीं उनकी जान का खतरा बढ़ भी गया है. ऐसे में वो चाहते हैं कि इस लाल मिट्टी के डंप को गांव से हटाया जाए।

इससे पहले भी इस कंपनी के जिम्मेदार लोगो ने यहां के ग्रामीणों के साथ वादाखिलाफी की है. लोग विकास की राह देखते देखते थक गए हैं. यहां लोग लाल मिट्टी की वजह से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं. ऐसे में वो चाहते हैं कि इस लाल मिट्टी से उन्हें छुटकारा मिले. कंपनी की ओर से सभी नियम कानूनों को ताक में रखकर आयरन ओर का उत्खनन किया जा रहा है और ग्रामीणों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. इसलिए सैकड़ों प्रभावित ग्रामीणों ने आदिवासी महासभा और सीपीआई के नेतृत्व में दंतेवाड़ा शहर में गुरुवार को रैली निकाली और यहां के कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा.

दंतेवाड़ा जिले के कुंदेली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है कि आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील कंपनी के द्वारा आयरन ओर का उत्खनन किया जा रहा है. इतना ही नहीं खनन करके लाल मिट्टी को कुंदेली ग्राम पंचायत के अलग अलग गांवो में ही डंप किया जा रहा है. मना करने के बावजूद भी कंपनी मनमानी कर रही है. इस लाल मिट्टी से पहले ही बैलाडीला और किरन्दुल के आसपास के कई गांव के लोग प्रभावित हैं. इस लाल मिट्टी से ग्रामीणों के सांस में लाल जहर घोला जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में राज्य सरकार भी ध्यान नही दे रही है. उनका कहना है कि गांव में डंप की गई लाल मिट्टी को कंपनी वापस उठाकर ले जाए. वरना वो उग्र आदोंलन करेंगे.

## नाबालिग दूल्हा की महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाई बारात

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा की जड़ें इतनी गहरी हैं कि बाल विवाह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। माता-पिता की अशिक्षा और परंपराओं के कारण कई नाबालिगों का विवाह करा दिया जाता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए कई संस्थाओं और प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद हर साल बाल विवाह के मामले लगातार सामने आते हैं। ऐसा ही एक मामला कोरबा के करतला से सामने आया है जहाँ ग्राम डोंगाअमा में एक नाबालिग युवक की बारात निकलने ही वाली थी तभी महिला एवं बाल विकास की टीम मौके पर पहुचीं और परिजनों को समझाया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। जिसके बाद बारात कार्यक्रम रद्द हो गया। करतला की परियोजना अधिकारी रागिनी बैस ने बताया कि नाबालिग युवक की उम्र 19 वर्ष थी जिसकी शादी रायगढ़ की 18 वर्षीय युवती के साथ होनी थी। उम्र की लिहाज से युवती बालिग थी और युवक नाबालिग था। योजना अधिकारी ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 21 वर्ष होनी थी वहीं युवती की 18 वर्ष होना अनिवार्य है तब जाकर विवाह संपन्न होगा। बारात निकलने ही वाली थी कि महिला बाल विकास की टीम बाल कल्याण समिति और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नाबालिग के परिजनों को समझा-बुझाकर शादी रुकवाई गई।

## बोरी में भरकर बच्चा ले जा रहा कबाड़ी की हुई जमकर पिटाई, बिजली के पोल में रस्सी से बांधे

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपका थाना अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग के पास धनवंतरी मेडिकल के बगल में लोगों की भीड़ ने एक युवक को पकडक़र जमकर धुनाई कर दी और कहा कि यह बच्चा चोर है और उसे फिर बिजली के पोल में रस्सी से बांध दिया पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई मौके पर पुलिस और डॉक्टर एच पी कवर एक साथ पहुंचे।

बता दे कि ज्यादा मारपीट के कारण आरोपी राम कुमार प्रजापति बेहोश हो गया था जो पेशे से कबाड़ी का काम करता है और आज वह नशे में भी था जिसे पुलिस ने लोगों की भीड़ से छुड़वाया और डॉक्टरी मुलायजा करवाया।

शांति नगर दीपका की रहने वाली महिला प्रीति झा ने बताया कि उसकी छोटी सी बेटी को रामकुमार प्रजापति बोरी में भरकर ले जा रहा था जिसे लोगों ने पकडक़र जमकर धुनाई कर दी, वहीं कुछ मोहल्ले वासियों ने बताया कि आरोपी दारू के नशे में है और कबाड़ी का काम करता है और पोनी पसारी के नीचे रोज रात को सोता है इसका मूलत: घर रतनपुर का है। दीपका पुलिस थाना पदस्थ केएस दुबे ने बताया कि राम प्रजापति कबाड़ी का काम करता है और नशे की हालत में है जिसका डाक्टरी मुलाहिजा करा लिया गया है और इससे पूछताछ कर रही है। वही मोहल्ले के अन्य लोगो आरोपी को कबाड़ी के काम करना बताया है इस मामले में पुलिस सघन पूछताछ कर रही है।

## कांग्रेस के रैली में मशाल जलाने के दौरान 6 कार्यकर्ता आग से झुलसे



**जगदलपुर (आरएनएस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार देर शाम पूरे प्रदेश में राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस भवन से लेकर शहीद अमर स्मारक तक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, जगदलपुर विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन और चित्रकोट के विधायक राजमन बेंजाम एवं महापौर सफीरा साहू के नेतृत्व में मशाल रैली निकाला जा रहा था, इसी बीच मशाल जलाने के दौरान इस मशाल रैली में शामिल एनएसयूआई के करीब 06 कार्यकर्ता आग से झुलस गए। जगदलपुर के विधायक रेखचंद जैन और कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बेहतर इलाज की पूरी कोशिश की जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत अस्पताल में कांग्रेसी नेताओं के साथ भाजपा के पूर्व जगदलपुर विधायक संतोष बाफना भी महारानी अस्पताल पंहुचकर घायलों का हाल जाना।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मशाल जलाने में स्प्रिट का उपयोग किया गया, जिससे आग तेजी तेजी से भभक जाने से वहां खड़े 06 कांग्रेस कार्यकर्ता इसकी चपेट आ गये, वहीं इस आग से दो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चेहरे बुरी तरह से झुलस गए। अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शरीर भी आग के चपेट में आए, एक छात्र के हाथ में मामूली चोट आई है। घटना के तुरंत बाद सभी झुलसे कार्यकर्ताओं को शहर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से झुलसे दो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ग्रामीण क्षेत्र जिला महासचिव मनीष कश्यप एवं एनएसयूआई का छात्र हिमांशु कश्यप को रायपुर रेफर कर दिया गया है।

महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि कुल 06 युवक आग की चपेट में आए हैं, इनमें से दो के चेहरा ज्यादा झुलस गए हैं। एक छात्र 35 प्रतिशत तक झुलसा है, दूसरा छात्र भी 25 प्रतिशत झुलस चुका है।

## छुईढोढ़ा में मिला 11 फीट का किंग कोबरा, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ कोरबा जिले का जंगल जैव विविधता के लिए बहुत ही अच्छा हैं। जिसको बचाने की बहुत जरूरत हैं कुछ वर्षों में कोरबा जिले के अलग अलग क्षेत्रों में किंग कोबरा की मौजूदगी दर्ज किया गया है, जो जिले के साथ प्रदेश के लिए बड़े गर्व का विषय हैं। हाल ही में वन विभाग के द्वारा किंग कोबरा का सर्वे कराया गया जिसमें पाया गया की किंग कोबरा बहुत लम्बे समय से कोरबा के जंगल में हैं। कोरबा का जंगल बहुत ही अनुकूल वातावरण प्रदान करता हैं। काफी लम्बे समय बाद फिर कोरबा में किंग कोबरा दिखाई दिया।

कोरबा से 40 किलोमीटर दूर गांव सोलवा पंचायत के छुईढोढा के समीप उस वक्त लोगों का हाथ-पैर फूल गया जब लोग अपने घरों के समीप महुआ बिनने के साथ अपने बाड़ी में काम कर रहे थे। इस दौरान विशाल काय किंग कोबरा पहाड़ चित्ती सांप वहा पहुंचा जो फन फैलाए बैठ गया। उसे देख सभी अपना काम छोड़ कर भाग खड़े हुए और इसकी जानकारी पुरे गांव में फैल गई। सांप को देखने के लिए लोग इकत्रा होने लगें। इतने बड़े सर्प को देख कर लोग न मारे इसकी जानकारी गांव वालों ने वन विभाग को दिया। ख़बर मिलते ही वन अमला मौके स्थल पर पहुंच कर पहले तो भीड़ खाली कराया फिर वन विभाग के रेस्क्यू टीम जितेन्द्र सारथी को इसकी जानकारी दी गई। फौरन बाद जितेन्द्र सारथी ने कोरबा डीएफओ अरविंद पी एम को इसकी जानकारी दी। फिर रेस्क्यू टीम मौके स्थल के लिए रवाना हुई। मौके स्थल पर पहुंच कर आखिरकार 11 फीट किंग कोबरा को वन विभाग के उच्च अधिकारियों के मजूदगी में रेस्क्यू किया गया और गांव से दूर इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस ली। साथ ही विभाग ने सभी लोगों को इस सर्प को न मारने की बात कही और इसको बचाने के लिए लोगों से अपील किया। रेस्क्यू ऑपरेशन में उप वनमण्डलाधिकारी ईश्वर कुजूर, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत श्रीमति तोषी नायक, परिक्षेत्र सहायक केशव सिदार, परिसर रक्षक सोल्वा राम नरेश यादव, वन विभाग रेस्क्यू टीम जितेन्द्र सारथी, देवा आशीष राय एवम बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहें।

## छत्तीसगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज, प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षा के आसार



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम एक बार फिर बदल गया है। द्रोणिका के प्रभाव से आज भी प्रदेश के कई इलाकों में अंधड़ के साथ वर्षा की संभावना है। जबकि धमतरी जिले में मौसम बदल गया है।

बादल की तेज गर्जना के साथ सुबह से तेज बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने कहा कि शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

**नमीयुक्त हवाओं के चलते मौसम में आई ठंडकता-** इससे पहले गुरुवार को दोपहर की तपिश के बाद देर शाम को रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला गया। गरज चमक के साथ तेज हवाओं के साथ ही रायपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। इसके चलते रात का मौसम भी सुहाना हो गया और उमस से भी राहत मिली।

**दिन की तपिश के बाद रात को मौसम सुहाना-** मौसम विज्ञानियों का कहना है कि द्रोणिका के प्रभाव से शुक्रवार को उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा के आसार हैं। कुछ क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बिजली भी गिर सकती है। द्रोणिका का प्रभाव दक्षिण तमिलनाडु से लेकर उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किमी ऊंचाई तक फैला है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अब बढ़ोतरी होने लगी है। इससे गुरुवार को दोपहर की तपिश भी बढ़ी रही। हालांकि देर शाम हल्की नम हवाएं चलने लगीं।

गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य रहा और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा। प्रदेश भर में एआरजी बलौदाबाजार सर्वाधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्र एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU